Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Social Work

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS | SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA | SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET | CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
## SOCIAL WORK

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 1 0 1 4**

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## SOCIAL WORK
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which is the nodal body for adoption of children in India ?
(A) NIPCCD
(B) CARA
(C) CSWB
(D) NCPCR

**2.** The purging of repressed emotions to get relief is called
(A) Sublimation
(B) Ambivalence
(C) Catharsis
(D) Fixation

**3.** The roadmap that guides the behaviour of the members of a society is
(A) Groups
(B) Culture
(C) Peers
(D) Religion

**4.** Language of proximity is also known as
(A) Verbal Communication
(B) Non-verbal Communication
(C) Oral Communication
(D) Written Communication

**5.** Which is not included in community sentiment ?
(A) Sense of dependence
(B) We-feeling
(C) Instability
(D) Role feeling

**6.** The funding agency formed for fund-raising and distributing the funds is called
(A) Community Welfare Council
(B) Community Chest
(C) Neighbourhood Council
(D) Community Centre

**7.** 'Social Distance Scale', was developed by
(A) Likert
(B) Thorndike
(C) Bogardus
(D) None of the above

**8.** The process of transforming social policy into social service is _______.
(A) Social Welfare Administration
(B) Social Aid
(C) Social Media
(D) Social Justice

**9.** The theory that is based on rewards and punishment is
(A) Trial and Error theory of learning
(B) Operant conditioning
(C) Social Learning theory
(D) Classical conditioning

**10.** Who is known as the father of 'intelligence test' ?
(A) Bennett
(B) Gesell
(C) Villand
(D) Wechsler



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# समाज कार्य

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** भारत में बच्चों को गोद लेने (या दत्तक-ग्रहण) का केन्द्रीय निकाय कौन सा है ?

(A) एन.आइ.पी.सी.सी.डी.

(B) सी.ए.आर.ए.

(C) सी.एस.डब्ल्यू.बी.

(D) एन.सी.पी.सी.आर.

**2.** दबी भावनाओं की अभिव्यक्ति से हल्कापन महसूस करने को क्या कहते हैं ?

(A) उदात्तीकरण

(B) द्वैधवृत्ति

(C) भाव-विरेचन

(D) स्थिरण

**3.** समाज के सदस्यों के व्यवहार का मार्गदर्शन करने वाला मानचित्र क्या है ?

(A) समूह

(B) संस्कृति

(C) समकक्ष व्यक्ति

(D) धर्म

**4.** सन्निकटता की भाषा को और क्या कहते हैं ?

(A) शाब्दिक सम्प्रेषण

(B) अशाब्दिक सम्प्रेषण

(C) मौखिक सम्प्रेषण

(D) लिखित सम्प्रेषण

**5.** सामुदायिक भावना में क्या समाविष्ट नहीं होता है ?

(A) आश्रित होने की संवेदना

(B) हम की भावना

(C) अस्थायित्व

(D) भूमिका की भावना

**6.** धन जुटाने तथा धन वितरण हेतु गठित निधियन एजेन्सी क्या कहलाती है ?

(A) सामुदायिक कल्याण परिषद्

(B) सामुदायिक कोष

(C) प्रतिवेश (अड़ोस-पड़ोस) परिषद्

(D) सामुदायिक केन्द्र

**7.** 'सामाजिक दूरी पैमाना' किसने बनाया था ?

(A) लिकर्ट

(B) थोर्नडाइक

(C) बोगार्डस

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** सामाजिक नीति को समाज सेवा में रूपान्तरित करने की प्रक्रिया निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(A) समाज कल्याण प्रशासन

(B) सामाजिक सहायता

(C) सामाजिक मीडिया

(D) सामाजिक न्याय

**9.** कौन सा सिद्धांत पुरस्कार तथा दंड पर आधारित है ?

(A) अधिगम का ट्रायल एण्ड एरर सिद्धांत

(B) क्रियाप्रसूत अनुकूलन

(C) सामाजिक अधिगम सिद्धांत

(D) क्लासीकल या संस्थापित अनुकूलन

**10.** 'बुद्धिमता परीक्षण' का जनक किसे माना जाता है ?

(A) बैनेट

(B) गेसल

(C) विलैण्ड

(D) वैशलर



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** The theory which believes in exemplary punishment to discourage the offender from repeating his crime and sets an example for others to keep away from crime is called

(A) Deterrent theory

(B) Preventive theory

(C) Reformative theory

(D) Retributive theory

**12.** Which of the following constitutional provisions prohibits employment of children below the age of 14 years in factories, mines or any other hazardous occupation ________

(A) Article 14

(B) Article 21

(C) Article 24

(D) Article 45

**13.** The Human Rights Council meets at

(A) New York

(B) Vienna

(C) Geneva

(D) Paris

**14.** The method that brings about adjustment in personal and social relationships is called

(A) Social casework

(B) Social adjustment

(C) Social group work

(D) Defence mechanism

**15.** According to whom groups must solve two general problems – i.e. instrumental and socio-emotional, to maintain themselves

(A) Grace Coyle

(B) Charles Levy

(C) Clara A. Kaiser

(D) Robert Bales

**16.** Probation is

(A) an escape from imprisonment

(B) a conditional suspension of sentence

(C) an institutional method of correction

(D) a life of freedom from any kind of control

**17.** The three stages of social change – i.e. theological, metaphysical and positive are postulated by

(A) Nikolai Mikhailovsky

(B) Sorokin

(C) Auguste Comte

(D) Herbert Spencer

**18.** Which among the following is not a primary source of data collection ?

(A) Observation

(B) Questionnaire

(C) Interview

(D) Referral

**19.** 'Situation approach' of leadership is also called as

(A) trait theory

(B) contingency theory

(C) ethical approach

(D) functional approach

**20.** Every element has a known non-zero probability of being sampled and involves random selection at some point

(A) Probability sampling

(B) Non-probability sampling

(C) Both (A) and (B) are correct.

(D) None of the above



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** कौन सा सिद्धांत अपराधी को अपना अपराध पुन: करने से हतोत्साहित करने के लिये उदाहरण स्वरूप दंड में विश्वास करता है और दूसरों को अपराध से दूर रखने के लिये उदाहरण स्थापित करता है ?

(A) निवारणार्थ दंड सिद्धांत

(B) निरोधक सिद्धांत

(C) सुधारात्मक सिद्धांत

(D) प्रतिकारार्थ दंड सिद्धांत

**12.** निम्नलिखित में से कौन सा संवैधानिक प्रावधान कारखानों, खदानों या किसी जोखिमपूर्ण व्यवसाय में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित करना निषेध करता है ?

(A) अनुच्छेद 14

(B) अनुच्छेद 21

(C) अनुच्छेद 24

(D) अनुच्छेद 45

**13.** मानवाधिकार परिषद् की बैठक कहाँ होती है ?

(A) न्यूयॉर्क

(B) वीयेना

(C) जिनेवा

(D) पेरीस

**14.** निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति वैयक्तिक तथा सामाजिक सम्बन्धों में समायोजन लाती है ?

(A) सामाजिक वैयक्तिक कार्य (केस वर्क)

(B) सामाजिक समायोजन

(C) सामाजिक समूह कार्य

(D) रक्षात्मक कार्यविधि

**15.** समूहों को अपने आपको बनाए रखने के लिये सामान्य समस्याओं, अर्थात्, करण कारक तथा समाज-संवेगात्मक को सुलझाना चाहिये, यह किसने कहा है ?

(A) ग्रेस कॉयले

(B) चार्ल्स लेवी

(C) क्लारा ए. केसर

(D) रॉबर्ट बेल्स

**16.** परिवीक्षा क्या है ?

(A) कारावास से छुटकारा

(B) दण्डादेश का प्रतिबन्धित निलम्बन

(C) सुधार की सांस्थानिक पद्धति

(D) किसी भी प्रकार के नियन्त्रण से मुक्ति का जीवन

**17.** सामाजिक परिवर्तन की तीन अवस्थाएँ यानि धर्मविज्ञानीय, अलौकिक और सकारात्मक किसके द्वारा अभिधारित की गई हैं ?

(A) निकोलाय मिखेलॉव्स्की

(B) सोरोकिन

(C) अगस्त काम्टे

(D) हर्बर्ट स्पैंसर

**18.** निम्नलिखित में से आँकड़ों के संकलन का प्राथमिक स्रोत कौन सा नहीं है ?

(A) अवलोकन

(B) प्रश्नावली

(C) साक्षात्कार

(D) रेफरल

**19.** नेतृत्व के 'स्थिति उपागम' का दूसरा नाम क्या है ?

(A) विशेषता (ट्रेट) सिद्धांत

(B) आकस्मिकता सिद्धांत

(C) नैतिक उपागम

(D) प्रकार्यात्मक उपागम

**20.** प्रत्येक तत्त्व में प्रतिचयनित (या नमूना देने) होने की शून्येतर संभाव्यता होती है और किसी एक बिन्दु पर यादृच्छिक चयन किया जा सकता है ?

(A) संभाव्यता प्रतिचयन

(B) असंभाव्यता प्रतिचयन

(C) A और B दोनों सही है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**21.** Confrontation focuses on one of the following :

(A) Similarity in the statements

(B) Congruence in the statements

(C) Discrepancies in the statements

(D) None of the above

**22.** Cognitive needs of human beings are

(A) the need to develop abilities

(B) the need for symmetry order and beauty

(C) the need for security and freedom

(D) the need to know, to understand and explore

**23.** The difference between Bhoodan and Gramdan is

(A) Bhoodan involves donation from individuals whereas Gramdan involves community action

(B) In Bhoodan individual ownership is retained whereas in Gramdan it is abolished

(C) In Bhoodan individuals are beneficiaries whereas in Gramdan the beneficiary is whole village community

(D) All the above

**24.** The 'client-centered approach' is developed by

(A) Kurt Lewin

(B) Bandura

(C) Homans

(D) Carl Rogers

**25.** The approach to make people 'whole', by encouraging them to shed their defences and unlock their potentials is known as

(A) Psychodynamic approach

(B) Systems approach

(C) Person-centred approach

(D) Gestalt approach

**26.** The 'Task-Centered social work', has been developed by

(A) Reid and Eistein

(B) Conard

(C) Glenn

(D) Waldo

**27.** Which of the following is not a feature of Standard Deviation

(A) It is the best measure of variation

(B) It is not much affected by fluctuations of sampling

(C) It gives more weightage to extreme values and less to those which are nearer the mean

(D) It is the measure for calculating combined standard deviation of two or more groups

**28.** The disorder which limits food intake is

(A) Bipolar disorder

(B) Bulimia nervosa

(C) Binge eating disorder

(D) Anorexia nervosa

**29.** The number of elements to be included in the study is

(A) Variable

(B) Hypothesis

(C) Sample size

(D) Universe



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

21. प्रतिरोध निम्नलिखित में से किस पर संकेंद्रित होता है ?
(A) वक्तव्यों में समानता
(B) वक्तव्यों में संगति
(C) वक्तव्यों में विसंगति
(D) उपर्युक्त में से किसी पर नहीं

22. मानव की संज्ञानात्मक आवश्यकताएँ हैं
(A) योग्यताएँ विकसित करने की आवश्यकता
(B) सुडोलपन क्रम तथा सौन्दर्य की आवश्यकता
(C) सुरक्षा तथा स्वतन्त्रता की आवश्यकता
(D) जानने, समझने तथा गवेषणा की आवश्यकता

23. भूदान तथा ग्रामदान में अंतर
(A) भूदान में व्यक्तियों द्वारा दान निहित है जबकि ग्रामदान में सामुदायिक कार्य निहित है ।
(B) भूदान में व्यक्तिगत स्वामित्व कायम रहता है जबकि ग्रामदान में यह समाप्त हो जाता है ।
(C) भूदान में व्यक्ति लाभार्थी होते हैं जबकि ग्रामदान में पूरा ग्राम समुदाय लाभार्थी होता है ।
(D) उपर्युक्त सभी

24. लाभार्थी-केन्द्रित उपागम किसके द्वारा विकसित किया गया है ?
(A) कुर्त लेविन
(B) बंदुरा
(C) होमंस
(D) कार्ल रोजर्स

25. लोगों को अपनी रक्षात्मक प्रतिक्रियाओं को त्यागने के लिये प्रोत्साहित करके और अपनी अंत:शक्तियों को प्रकट करके उन्हें 'सम्पूर्ण' बनाने का उपागम क्या कहलाता है ?
(A) मनोगत्यात्मक उपागम
(B) व्यवस्थापरक उपागम
(C) व्यक्ति-केन्द्रित उपागम
(D) गेस्टाल्ट उपागम

26. 'कार्य-केन्द्रित समाज कार्य' किसके द्वारा विकसित किया गया है ?
(A) रीड एवं स्टीन
(B) कोनार्ड
(C) ग्लेन
(D) वाल्डो

27. मानक विचलन की विशेषता कौन सी नहीं है ?
(A) यह विचरण का श्रेष्ठ माप है ।
(B) यह प्रतिचयन के उतार-चढ़ावों द्वारा अधिक प्रभावित नहीं होता है ।
(C) यह चरम मानों को ज्यादा भार देता है और जो माध्य के समीप हैं उन्हें कम भार देता है ।
(D) यह दो या ज्यादा समूहों के मिश्रित मानक विचलन का परिकलन करने का माप है ।

28. आहार के अंतर्ग्रहण को सीमित कर देने वाली विकृति क्या कहलाती है ?
(A) द्विध्रुवीय विकृति
(B) क्षुधातिशय नर्वोसा
(C) बिंज खाने की विकृति
(D) एनोरेक्सिया (क्षुधाल्पता) नर्वोसा

29. सर्वेक्षण हेतु अध्ययन में समाविष्ट किए जाने वाले तत्त्वों की संख्या है
(A) चर
(B) परिकल्पना
(C) प्रतिदर्श का आकार
(D) समष्टि



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**30.** The scale in which numbers are used to rate the objects which have numerically equal distance are termed as

(A) Nominal scale
(B) Ordinal scale
(C) Interval scale
(D) Ratio scale

**31.** Evaluation of clients' present problem the way he is experiencing is ________

(A) Etiological diagnosis
(B) Clinical diagnosis
(C) Dynamic diagnosis
(D) Social diagnosis

**32.** Which is not the nature of community ?

(A) Geographical area
(B) Common ties
(C) Social interaction
(D) Individualism

**33.** Arrange the following steps in relation to self-help groups in correct sequence :

1. Lending, repayment and maintaining accounts and records
2. Arranging regular meetings with the group.
3. Identifying the area and forming a group of women with common interests.
4. Training and capacity building for sustenance and empowerment
5. Deciding on the amount for contribution and pooling the money.

**Codes :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| (B) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 | 5 |

**34.** To study the consequences of psychoactive drug use the two variables are

(A) Social situation and family role
(B) Demand reduction and supply reduction of drugs
(C) Characteristics of the drug and characteristics of the user
(D) Marketing of drugs and role of drug mafias

**35.** Which of the following is not true in relation to significance of NGOs role in mental health ?

(A) Gross scarcity of psychiatrists and other trained personnel.
(B) Availability of sufficient government funds for NGOs.
(C) Scarcity of cost-effective strategies and interventions.
(D) Lack of public awareness and social stigma attached

**36.** Arrange the sequence of authorities in setting industrial disputes under Industrial Disputes Act.

1. Board of Conciliation
2. Works Committee
3. Conciliation Officer
4. Court of enquiry

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**30.** जिन वस्तुओं की संख्यात्मक रूप से समान दूरी होती है उन्हें श्रेणीगत करने के लिये जिस मापनी या पैमाने में संख्याओं का उपयोग किया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) नामित मापनी

(B) क्रमसूचक मापनी

(C) अन्तराल मापनी

(D) अनुपात मापनी

**31.** लाभार्थियों की वर्तमान समस्या जिस प्रकार से वे उसका अनुभव कर रहे हैं, का मूल्यांकन क्या है ?

(A) हेतुविज्ञानीय रोगनिदान

(B) चिकित्सात्मक रोगनिदान

(C) गत्यात्मक रोगनिदान

(D) सामाजिक रोगनिदान

**32.** समुदाय की प्रकृति क्या नहीं है ?

(A) भौगोलिक क्षेत्र

(B) सर्वसामान्य सम्बन्ध

(C) सामाजिक अंत:क्रिया

(D) व्यक्तिवाद

**33.** स्वयं-सहायता समूहों के सम्बन्ध में निम्नलिखित को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिये :

1. उधार देना, भुगतान और खाता एवं रिकॉर्ड बनाए रखना
2. समूह के साथ नियमित सभाएँ आयोजित करना
3. क्षेत्र की पहचान तथा सर्वसामान्य हितों के साथ महिलाओं का समूह गठित करना
4. प्रतिपालन और सशक्तिकरण के लिये प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण
5. योगदान के लिये राशि का फैसला करना तथा धन एकत्रित करना

**कूट** :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| (B) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 | 5 |

**34.** मनोसक्रिय औषध के प्रभावों का अध्ययन करने के लिये कौन से दो चरों का उपयोग करते हैं ?

(A) सामाजिक स्थिति तथा परिवार की भूमिका

(B) मादक द्रव्यों की माँग में कमी तथा उसकी आपूर्ति में कमी

(C) मादक द्रव्यों की विशेषताएँ तथा उन्हें प्रयोग करने वाले की विशेषताएँ

(D) मादक द्रव्यों का विपणन और मादक द्रव्य माफिया की भूमिका

**35.** मानसिक स्वास्थ्य में एन.जी.ओ. या अलाभकारी संगठनों की भूमिका के महत्त्व के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य नहीं है ?

(A) मनोचिकित्सकों तथा अन्य प्रशिक्षित कर्मियों की भारी कमी

(B) अलाभकारी संगठनों के लिये पर्याप्त सरकारी धन की उपलब्धता

(C) लागत-प्रभावी रणनीतियों तथा हस्तक्षेपों की कमी

(D) लोगों में जागरूकता का अभाव और उससे जुड़ा सामाजिक लांछन

**36.** औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत औद्योगिक विवादों का निबटारा करने में प्राधिकारियों का अनुक्रम व्यवस्थित कीजिये :

1. सुलह बोर्ड
2. संकर्म समिति
3. सुलह अधिकारी
4. कोर्ट ऑफ इनक्वॅरी

**कूट** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**37.** Which is the correct sequence in social case work process ?

(A) Intake, investigation, diagnosis, treatment

(B) Intake, diagnosis, investigation, treatment

(C) Intake, diagnosis, treatment, investigation

(D) Intake, investigation, treatment, diagnosis

**38.** The sequential phases in a social action method are

I. Sensitization

II. Awareness Building

III. Mobilization

IV. Mass Action

**Codes :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, I, III, IV

(C) III, I, II, IV

(D) I, II, IV, III

**39.** **Assertion (A) :** Psychosomatic problems are addressed by the case workers.

**Reason (R) :** Psychological aspects can have influence on the physical conditions of an individual.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are not correct.

(C) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(D) (A) is correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

**40.** **Assertion (A) :** A scientific hypothesis is a proposed explanation of a phenomenon which still has to be rigorously tested.

**Reason (R) :** A working hypothesis is a provisionally accepted hypothesis proposed for validation.

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is wrong.

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are wrong.

(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not an explanation of (A).

**41.** **Assertion (A) :** Tribal people live in a scattered habitation.

**Reason (R) :** Tribal society is relatively isolated when compared to other societies.

In the context of above two statements which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.

(B) Both (A) and (R) are not correct.

(C) (A) is correct, but (R) is not correct.

(D) (A) is not correct, but (R) is correct.

**42.** **Assertion (A) :** Recording in social group work is significant for achieving the objectives of the group.

**Reason (R) :** Records enable the worker to work out programmes and plan of action for future.

**Codes :**

(A) (A) is correct and (R) is not correct.

(B) (A) is not correct and (R) is correct.

(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

37. सोशल केस वर्क प्रक्रिया को उचित क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(A) अंत:ग्रहण, अनुसंधान, निदान, उपचार

(B) अंत:ग्रहण, निदान, अनुसंधान, उपचार

(C) अंत:ग्रहण, निदान, उपचार ,अनुसंधान

(D) अंत:ग्रहण, अनुसंधान, उपचार, निदान

38. समाज क्रिया पद्धति में आनुक्रमिक चरण क्या हो सकते हैं ?

I. संवेदनशील या सुग्राही बनाना

II. जागरूकता निर्माण

III. लामबंदी

IV. जन कार्रवाई

**कूट :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, I, III, IV

(C) III, I, II, IV

(D) I, II, IV, III

39. **अभिकथन (A) :** मनोदैहिक समस्याओं के समाधान हेतु वैयक्तिक कार्यकर्ताओं द्वारा उन पर विचार किया जाता है ।

**कारण (R)** : व्यक्ति की शारीरिक दशाओं पर मनोवैज्ञानिक पहलू प्रभाव डाल सकते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

40. **अभिकथन (A) :** वैज्ञानिक परिकल्पना परिघटना की प्रस्तावित व्याख्या है, जिसका अभी भी कड़ाई से परीक्षण करना है ।

**कारण (R)** : कार्यकारी परिकल्पना अन्तरिम रूप से स्वीकृत परिकल्पना है, जिसे आगे और शोध के लिये प्रस्तावित किया गया है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है और (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं है ।

41. **अभिकथन (A) :** जनजातीय लोग बिखरे या छितरे हुए निवास स्थानों में रहते हैं ।

**कारण (R)** : अन्य समाजों की तुलना में जनजातीय समाज विलग है ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित कूटों में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(D) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

42. **अभिकथन (A) :** समूह के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये सामाजिक समूह कार्य में रिकॉर्डिंग महत्त्वपूर्ण होती है ।

**कारण (R)** : रिकॉर्ड्स कर्मकार को भविष्य के लिये कार्यक्रम तैयार करने तथा कार्य योजना बनाने के लिये सक्षम बनाते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) सही है और (R) सही नहीं है ।

(B) (A) सही नहीं है और (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43.** Match the following items given in List – I with the items given in List – II :

| List – I | List - II |
|---|---|
| a. Provision for just and humane conditions of work and maternity relief | 1. Article 40 |
| b. Right to work, education and public assistance in certain cases | 2. Article 41 |
| c. Living wages etc. for workers | 3. Article 42 |
| d. Organisation of Village Panchayats | 4. Article 43 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**44.** Match the following and select the answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. The Minimum Wages Act | 1. 1926 |
| b. The Maternity Benefit Act | 2. 1951 |
| c. The Plantation Act | 3. 1948 |
| d. The Trade Unions Act | 4. 1961 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**45.** Which among the following is wrongly matched ?

1. AITUC – CPM
2. INTUC – Congress
3. BMS – BJP
4. CITU – CPI

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3
(B) 2, 3 and 4
(C) 1 and 4 only
(D) 2 and 3 only

Read the passage given below and answer the following questions as per the understanding of the passage (Question Nos. **46** to **50**) :

The historical nature of gender-based violence confirms that it is not an unfortunate aberration but systematically entrenched in culture and society, reinforced and powered by patriarchy. Violence against women maintains the structures of gender oppression; be it carried out by individuals in private and/or by institutional forces in the public sphere. Families, communities, and social, legal and civic institutions may covertly and overtly endorse it. Whilst violence commands greater attention and fear; sexism and misogyny do their share to shape inequality, by defining and upholding restrictive gender norms.

Patriarchy is about the social relations of power between men and women, women and women, and men and men. It is a system for maintaining class, gender, racial and heterosexual privilege and the status quo of power – relying both on crude forms of oppression, like violence; and subtle ones, like laws; to perpetuate inequality. Patriarchal beliefs of male, heterosexual dominance lie at the root of gender-based violence.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43.** सूची – I में दी मदों को सूची – II में दी मदों के साथ सुमेलित कीजिये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. कार्य की न्यायोचित तथा मानवीय स्थितियाँ तथा मातृ हितलाभ का प्रावधान | 1. अनुच्छेद-40 |
| b. कार्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता का अधिकार | 2. अनुच्छेद-41 |
| c. कर्मकारों के लिये जीवन निर्वाह मजदूरी इत्यादि | 3. अनुच्छेद-42 |
| d. ग्राम पंचायतों का संगठन | 4. अनुच्छेद-43 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**44.** निम्नलिखित का मिलान कीजिये और नीचे दिए कूटों से अपने उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम | 1. 1926 |
| b. प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम | 2. 1951 |
| c. बागान अधिनियम | 3. 1948 |
| d. व्यवसाय संघ अधिनियम | 4. 1961 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**45.** निम्नलिखित में कौन सा युग्म गलत मेलित किया गया है ?

1. ए.आई.टी.यू.सी. – सी.पी.एम.
2. आई.एन.टी.यू.सी. – काँग्रेस
3. बी.एम.एस. – बी.जे.पी.
4. सी.आई.टी.यू. – सी.पी.आई.

**कूट** :

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) केवल 1 और 4

(D) केवल 2 और 3

नीचे दिए गए परिच्छेद को पढ़िए और परिच्छेद के बारे में अपनी समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों (**46** से **50**) का उत्तर दीजिए :

जेंडर आधारित हिंसा की एतिहासिक प्रकृति इसकी पुष्टि करती है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण मतिभ्रंश नहीं है परन्तु संस्कृति और समाज में व्यवस्थित रूप से बद्धमूल है, और पितृसत्ता द्वारा पुनर्बलित तथा शक्ति प्राप्त करती है । स्त्रियों के विरुद्ध हिंसा जेंडर उत्पीड़न की संरचनाओं को कायम रखती है; चाहे वह व्यक्तियों द्वारा एकान्तिक रूप से और या सार्वजनिक क्षेत्र में सांस्थानिक शक्तियों द्वारा किया जाता है । परिवार, समुदाय, सामाजिक, विधिक तथा नागरिक संस्थाएँ गुप्त रूप से अथवा सुव्यक्त रूप से इसका अनुमोदन कर सकते हैं । हिंसा जबकि वृहदतर अवधान तथा डर की अधिकारी है; लिंगवाद तथा नारीद्वेष प्रतिबंधात्मक जेंडर मानकों को परिभाषित करके तथा उन्हें मान्यता देकर असमानता को आकार देने में सहभागिता ज़रूर करते हैं ।

पितृसत्ता पुरुषों तथा स्त्रियों, स्त्रियों तथा स्त्रियों और पुरुषों तथा पुरुषों के बीच सत्ता के सामाजिक सम्बन्धों के बारे में है । यह वर्ग, जेंडर, प्रजातीय तथा विषमलिंगीय विशेषाधिकार और सत्ता की यथापूर्व स्थिति कायम रखने की प्रणाली है - जो असमानता को स्थायी बनाए रखने के लिये अत्याचार के असभ्य तरीकों, जैसे हिंसा तथा परिष्कृत तरीकों, जैसे कि कानून दोनों पर आश्रित रहती है । पुरुष के पितृसत्तात्मक धारणाएँ, इतरलिंगी प्रभुत्व, जेंडर-आधारित हिंसा की जड़ या मूल में स्थित है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Patriarchy is a structural force that influences power relations, whether they are abusive or not. Power sets the agenda for patriarchy. But, conflating it with abuse or masculinity is problematic and we need a more complex analysis of the typical power and control explanations. Feminism, which is about women claiming their rights to self-determination and equality, confronts gender conformity and aims to replace relationships of power with relationships of meaning.

Culture is used to justify gender inequality and violence by evoking traditional cultural beliefs about how women should be treated. The defence of the culture of a place, country, religion, etc., is in fact a defence of the culture of patriarchy in that country, religion, identity; and the culture of violence everywhere. The culture of patriarchy is not static : its manifestation on an army base differs from that in a rural town; just as the culture of patriarchy in U.S. differs from that of Gulf, or India.

**46.** The historical nature of gender-based violence confirms it as

I. An unfortunate aberration

II. Systematically entrenched culture of patriarchy

III. Reinforced inequalities

IV. All the above

**Codes :**

(A) I and II are correct.

(B) II and III are correct.

(C) I and III are correct.

(D) IV is correct.

**47.** Patriarchy is about social relations of power between

I. Men and women

II. Women and women

III. Men and men

IV. All the above

**Codes :**

(A) I and II are correct.

(B) II and III are correct.

(C) III and I are correct.

(D) IV is correct.

**48.** Complex analysis of the typical power and control helps us to understand

(A) Patriarchy

(B) Feminism

(C) Both

(D) None

**49.** _________ is used to justify gender inequality and violence.

(A) Sexism

(B) Culture

(C) Religion

(D) Region

**50.** Feminism refers to

(A) Superior status of women

(B) Replacing relationships of power with relationships of meaning

(C) Status quo of power

(D) Fighting against patriarchy



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

पितृसत्ता संरचनात्मक बल है जो सत्ता सम्बन्धों को प्रभावित करता है, अपमानजनक है या नहीं । पितृसत्ता के लिये कार्यसूची सत्ता निर्धारित करती है । उसे दुर्व्यवहार अथवा पुरुषवत्ता के साथ सम्मिश्रित करना समस्याजनक होता है और हमें प्रारूपिक सत्ता तथा नियन्त्रण के स्पष्टीकरणों के ज्यादा संश्लिष्ट विश्लेषण की आवश्यकता है । नारीवाद, जो स्त्रियों के द्वारा स्व-निर्णय तथा समानता के अपने अधिकारों पर दावा करने से सम्बन्ध रखता है, जेंडर समानुरुपता का मुकाबला करता है और सत्ता के सम्बन्धों को अर्थपूर्ण सम्बन्धों के साथ प्रतिस्थापित करने का लक्ष्य करता है ।

जेंडर असमानता तथा हिंसा को न्याय संगत ठहराने के लिये संस्कृति का उपयोग किया जाता है, और यह, स्त्रियों के साथ किस प्रकार व्यवहार किया जाना चाहिए, के बारे में पारम्परिक सांस्कृतिक धारणाओं का सहारा लेकर किया जाता है । स्थान, देश, धर्म इत्यादि की रक्षा, वास्तव में, उस देश, धर्म, पहचान में पितृसत्ता की संस्कृति; और समस्त जगहों पर हिंसा की संस्कृति की रक्षा है । पितृसत्ता की संस्कृति स्थैतिक नहीं है । सैनिक अड्डे पर उसका प्रकटीकरण ग्रामीण कस्बे में उसके प्रकटीकरण से भिन्न होता है; ठीक उसी तरह जैसे कि यू.एस. में पितृसत्ता की संस्कृति गल्फ (खाड़ी), अथवा भारत में संस्कृति से भिन्न होती है ।

**46.** जेंडर आधारित हिंसा की एतिहासिक प्रकृति किसकी पुष्टि करती है ?

I. दुर्भाग्यपूर्ण मतिभ्रंश

II. पितृसत्ता की व्यवस्थित रूप से बद्धमूल संस्कृति

III. पुनर्बलित असमानताएँ

IV. उपर्युक्त सभी

**कूट :**

(A) I और II सही हैं ।

(B) II और III सही हैं ।

(C) I और III सही हैं ।

(D) IV सही है ।

**47.** पितृसत्ता निम्नलिखित में से किसके बीच सत्ता के सामाजिक सम्बन्धों से सम्बन्धित है ?

I. पुरुष और स्त्रियाँ

II. स्त्रियाँ और स्त्रियाँ

III. पुरुष और पुरुष

IV. उपर्युक्त सभी

**कूट :**

(A) I और II सही हैं ।

(B) II और III सही हैं ।

(C) III और I सही हैं ।

(D) IV सही है ।

**48.** प्रारूपिक सत्ता तथा नियन्त्रण का जटिल विश्लेषण हमें क्या समझने में सहायता करता है ?

(A) पितृसत्ता

(B) नारीवाद

(C) दोनों (A) और (B)

(D) कोई नहीं

**49.** जेंडर असमानता तथा हिंसा को न्यायसंगत ठहराने के लिये किसका उपयोग किया जाता है ?

(A) लिंगवाद

(B) संस्कृति

(C) धर्म

(D) क्षेत्र

**50.** नारीवाद किससे सम्बन्धित है ?

(A) स्त्रियों की उच्चतर प्रस्थिति

(B) सत्ता के सम्बन्धों का अर्थपूर्ण सम्बन्धों के साथ प्रतिस्थापन

(C) सत्ता की यथापूर्व स्थिति

(D) पितृसत्ता के विरुद्ध लड़ाई



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in